रोहतक
रविवार 15 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 282
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.6
न्यून. 13.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे आज
स्विंग की चुनौती, टीम इंडिया की अग्निपरीक्षा




## खबर संक्षेप


### सूर्यवंशी बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नया सीजन रविवार से शुरू हो गया। वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा कप्तान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बिहार और सौराष्ट्र के बीच मैच खेला गया। वैभव 15 साल 232 दिन की उम्र में बिहार की कप्तानी कर रहे हैं। वे इस फॉर्मेट में अब तक के सबसे युवा कप्तान बन गए।



### जम्मू-कश्मीर में 12 घंटे में चार बार भूकंप के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को 12 घंटे के अंदर चार बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के केंद्र डोडा और किश्तवाड़ जिले में रहे। पहला झटका सुबह 2:38 बजे किश्तवाड़, इसके बाद सुबह 8:31 बजे डोडा में, इसके 17 मिनट बाद डोडा में सुबह 8:48 बजे 3.8 तीव्रता का सबसे तेज झटका महसूस किया गया। दोपहर 1:09 बजे डोडा में फिर 2.9 तीव्रता का भूकंप आया।



### कर्नाटक भर्ती स्कैम : 1.22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग के निलंबित अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. सहुकार, पूर्व सदस्य बी.वी. गीता और आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार की 1.22 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने शनिवार को बताया कि यह कार्रवाई केपीएससी भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है।

### महादेव सट्टा एप, छह राज्यों में ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के पैनल ऑपरेटरों के खिलाफ 6 राज्यों में 33 ठिकानों पर छापेमारी की। कई जगहों पर चल रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के पैनल पकड़े गए और बंद कराए गए। जांच एजेंसी ने मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज जब्त किए हैं। इनसे म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल का पता चला है।

### अमिताभ के जलसा बंगले पर हक को लेकर विवाद

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित बंगले 'जलसा' पर विवाद हो गया है। अमिताभ के भाई अजिताभ की पत्नी रमोला ने बंगला जया बच्चन के नाम ट्रांसफर होने पर सवाल उठाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रमोला का दावा है कि जलसा पहले उनके नाम पर रजिस्टर्ड था। बाद में 1993 की एक गिफ्ट डीड के जरिए इसका मालिकाना हक जया बच्चन के नाम कर दिया गया।



## पश्चिमी विक्षोभ के चलते देशभर में मौसम का ट्रिपल अटैक

# पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में प्रदूषण, दक्षिण में फिर चक्रवात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी विक्षोभ के असर से देश के कई राज्यों में मौसम बदल गया है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शनिवार और रविवार को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई जगह बर्फबारी और बारिश हुई है। बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट मनाली पहुंच रहे हैं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली हाइवे पर ट्रैफिक जाम लग गया। उत्तराखंड के 7 जिलों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। यहां हवा की गुणवत्ता लगातार गंभीर कैटेगरी में बनी हुई है। शनिवार सुबह दिल्ली के आईटीओ इलाके में एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। वहीं, गुरुग्राम में यह 324 रहा। इसरो के इनसेट-3डीएस सैटेलाइट ने अंडमान सागर के ऊपर बादलों की तेज गतिविधियों को कैप्चर किया है। यहां कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे नए चक्रवात बनने की आशंका है। चक्रवात बना तो इसका नाम 'अकवान' रखा जाएगा। यह नाम ईरान ने सुझाया है।


बर्फ से ढका रोहतांग दर्रा

- जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई जगह बर्फबारी
- चंडीगढ़-मनाली हाइवे पर ट्रैफिक जाम
- यूपी-राजस्थान, उत्तराखंड में बारिश का अलर्ट
- दिल्ली में एक्यूआई 414 पर पहुंचा

### उत्तर भारत में ऐसा रहेगा मौसम

सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी, जिसके चलते मैदानी राज्यों पंजाब, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबांदी या गरज के साथ बौछारें पड़ने की पूरी संभावना है। पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान, उत्तराखंड के लिए मौसम विभाग ने आंधी-तूफान का येलो अलर्ट जारी किया है, जहां गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी भागों में सुबह के समय घने कोहरे का अलर्ट रहेगा।

### चक्रवात अकवान का खतरा

बंगाल की खाड़ी में फिर मौसम से जुड़ी बड़ी हलचल हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवात 'अकवान' मजबूत हो रहा है। सोमवार को इसकी गति और तेज हो सकती है, जिससे यह 'चक्रवाती तूफान' का रूप सकता है। मंगलवार तक यह चक्रवात ज्यादा खतरनाक होकर एक 'गंभीर चक्रवाती तूफान' बन सकता है। इस तूफान की आहट के साथ ही तटीय राज्यों, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और तमिलनाडु में बचाव-राहत की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

### हरियाणा में आज बारिश के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ी राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश देखने को मिल सकती है। आईएमडी के मुताबिक, 15 और 16 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

### जहरीली हवा का कहर जारी

दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही है। शनिवार को भी राजधानी की हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो दिनों में वर्षा की संभावना के चलते वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हो सकता है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम ने भी अगले दो दिनों में हवा में मौजूद प्रदूषक कणों पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर में गिरावट का अनुमान जताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को आईटीओ इलाके में एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। शुक्रवार को यह 373 था। प्रदूषण का स्तर अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है।

## आखिरी गेंद पर मुंह से छीना मुकाबला

# पाकिस्तान को पीटकर भारत अंडर-19 एशिया कप चैंपियन



आखिरी ओवर में मोहित ने चौका लगाकर दिलाई जीत
पाकिस्तान ने 50 ओवर में 9 विकेट पर बनाए थे 337 रन

**अल अमीरात (एजेंसी)।** भारत ने नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर उसके मुंह से मुकाबला छीन लिया। 338 रन जैसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया 252 रन पर 8 विकेट गंवा चुकी थी। पाकिस्तान को खिताब बचाने के लिए 51 बॉल पर सिर्फ 2 विकेट चाहिए थे, लेकिन तभी मोहित उल्वा ने ऐसी पारी खेली, जिसने फाइनल का पूरा नतीजा बदल दिया। नंबर-10 पर बल्लेबाजी करने आए मोहित ने सिर्फ 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन ठोक दिए। आखिरी ओवर में भारत को 8 रन चाहिए थे और हाथ में सिर्फ एक विकेट था। आखिरी गेंद पर जीत के लिए 3 रन की जरूरत थी। मोहित ने गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाकर भारत को एक विकेट से चैंपियन बना दिया। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के 80 और आर्यवीर सहवाग के 58 रन बनाए थे। मोहित ने आखिरी विकेट के लिए 30 रन जोड़कर भारत को जीत दिला दी। *(संबंधित खबर खेल पेज पर)*

मोहित उल्वा
मैन ऑफ द मैच
आर्यवीर सहवाग
मैन ऑफ द सीरीज

## पंचकूला स्कूल हिंसा मामले में मानवाधिकार आयोग सख्त

# प्रदेश के सभी स्कूलों का सुरक्षा ऑडिट कराने की सिफारिश

**पंचकूला (ब्यूरो)।** पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छह वर्षीय बच्ची के साथ मारपीट की गंभीर घटना का संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानव अधिकार आयोग (एचएचआरसी) ने प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े प्रबंधों की व्यापक समीक्षा और सुरक्षा ऑडिट करने की सिफारिश की है। गौरतलब है कि घटना की सूचना मिलने पर आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति लालित बत्रा ने सहायक रजिस्ट्रार डॉ. पुनीत अरोड़ा के साथ 31 अक्टूबर को संबंधित स्कूल का दौरा किया था। इस दौरान स्कूल में सुरक्षा व्यवस्था और बच्चों की निगरानी से संबंधित प्रबंधों का जायजा लिया गया था।

### पांच अधिकारियों से तलब की रिपोर्ट

#### केवल एक स्कूल तक सीमित नहीं मामला

आयोग ने 13 नवंबर पारित अपने आदेश में कहा कि स्कूल परिसर में प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित शिक्षण संस्थान और प्रशासन की बुनियादी जिम्मेदारी है। छह वर्षीय बच्ची के साथ मारपीट की घटना केवल किसी एक स्कूल की लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह बच्चों की निगरानी, शिक्षकों की उपलब्धता, कक्षाओं की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा आपातकालीन सहायता व्यवस्था से जुड़े कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

#### 28 अक्टूबर की घटना

घटना 28 अक्टूबर को पंचकूला के सरकारी स्कूल में हुई थी। बच्ची को कई गंभीर चोटें आई जिसके बाद बच्ची को सिविल अस्पताल, सेक्टर-6, पंचकूला से रेफर किए जाने के बाद उसे उपचार के लिए चंडीगढ़ ले जाया गया। 1 नवंबर, 2026 को सामने आया कि बच्ची की हालत स्थिर और खतरे से बाहर है। स्कूल प्रशासन की लापरवाही को लेकर दो शिक्षकों के निलंबन हुआ था और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

# करनाल में पुलिस कस्टडी में युवक की मौत, 6 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

▶▶ अवैध हथियार मामले में पूछताछ के लिए ले गई थी पुलिस ▶▶ 3 महीने पहले लव मैरिज हुई ▶▶ परिवार बोला- एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारी

**करनाल।** करनाल में सीआईए-2 की कस्टडी में युवक की मौत के मामले में एसपी करण गोयल ने 6 पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर कर दिया। बीजणा निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जैकी (32) की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के मुताबिक, पुलिस उसे अवैध हथियार मामले में पूछताछ के लिए ले गई थी। उसे लेकर जाने वाले एक पुलिसकर्मी ने भी खुद को गोली मार ली। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जितेंद्र करीब 10 साल जेल में रहने के बाद 8 महीने पहले जमानत पर बाहर आया था। उसने 3 महीने पहले लव मैरिज की थी। वह पिता के साथ खेतीबाड़ी करता था। इस मामले में तीन पुलिसकर्मियों इंस्पेक्टर प्रवीण, एएसआई राजिंदर और हेड कांस्टेबल संदीप को निलंबित किया गया है।

#### फोन कर मांगे पैसे

चचेरे भाई रिंकू ने बताया कि 11 नवंबर की रात पुलिस उसे पूछताछ के लिए ले गई थी। उसी रात संबंधित पुलिसकर्मी ने किसी दूसरे व्यक्ति के फोन नंबर से जितेंद्र के भाई शुभम को कॉल किया। इस दौरान शुभम की जितेंद्र से बात भी हुई। आरोप है कि उस समय भी पैसों की मांग की गई।

#### हार्ट अटैक से मौत बताई

जितेंद्र के पिता विक्रम ने बताया कि शादी के बाद बेटा सामान्य जीवन जी रहा था और खेतीबाड़ी कर रहा था। पुलिसकर्मियों को यह रास नहीं आ रहा था। वे उसे जान से मारने की धमकी देते थे। अब हार्ट अटैक से मौत होने की बात कह रही है।

## गोल्डन टेंपल से लौटते वक्त हादसा

# पंजाब : दो बसों में जबरदस्त भिड़ंत, 4 श्रद्धालुओं की मौत

**तरनतारन (एजेंसी)।** पंजाब के तरनतारन में शनिवार को नेशनल हाइवे-54 पर तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दोनों बसें तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत यात्रियों को लेकर जा रही थीं। इनमें करीब 80 लोग सवार थे। एक बस के श्रद्धालु अमृतसर के गोल्डन टेंपल में माथा टेककर लौट रहे थे। जबकी दूसरी बस हरिके से अमृतसर जा रही थी। इसी दौरान नौशहरा पन्नूआं के पास मोटरसाइकिल सवारों को बचाने की कोशिश में एक बस का संतुलन बिगड़ गया। बस डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।


नेशनल हाइवे-54 पर हुई टक्कर

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत आएंगे पाक मंत्री

## एससीओ कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के जलवायु मंत्री मुसादिक मसूद मलिक अगले सप्ताह भारत आएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक मलिक 20 से 22 नवंबर तक नई दिल्ली में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारत ने पाकिस्तान को एससीओ का सदस्य होने के नाते कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया था। इसके लिए पिछले महीने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को आमंत्रित किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार होगा जब पाकिस्तानी मंत्री भारत आएंगे। इससे पहले मई 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी एससीओ की बैठक में शामिल होने गोवा आए थे।


आखिरी बार बिलावल भुट्टो 2023 में आए थे

## 70 नाबालिग लड़कियों को तंग किया

# ब्रिटेन में भारतीय मूल के युवक को 30 साल जेल

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के 27 साल के बिलाल काजी को 70 नाबालिग लड़कियों को ऑनलाइन फंसाने और ब्लैकमेल करने के मामले में 30 साल की जेल हुई है। वह सोशल मीडिया पर खुद को 14 साल का लड़का बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था। फिर उनसे अश्लील फोटो और वीडियो मांगता था। बाद में इन्हें वायरल करने की धमकी देकर लड़कियों को अपनी बात मानने के लिए मजबूर करता था। बिलाल चेस्टर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। अदालत ने उसे 37 मामलों में दोषी मानते हुए सजा सुनाई। इनमें बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने, ब्लैकमेल करने और नाबालिग लड़कियों को गलत कामों के लिए उकसाने के मामले शामिल हैं।


अश्लील फोटो वीडियो से किया ब्लैकमेल

# मथुरा में एक्सप्रेस-वे पर धू-धू करके जली एसी बस

## 40 यात्रियों ने भागकर बचाई अपनी जान

**मथुरा(एजेंसी)।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात डेढ़ बजे चलती डबल डेकर एसी बस में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बस से 20 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। समय रहते बस में सवार सभी 40 यात्रियों ने भागकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक बस और उसमें रखा पूरा सामान पूरी तरह जल चुका था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, बस की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। खजुराहो ट्रैवल्स की बस दिल्ली से मध्य प्रदेश के छतरपुर जा रही थी।



#### हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे धुआं उठते ही चीख-पुकार मची

मध्य प्रदेश का रहने वाला ड्राइवर जितेंद्र 40 यात्रियों को बस में बैठाकर दिल्ली के कश्मीरी गेट से छतरपुर के लिए निकला था। इसी दौरान मथुरा के राया थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के राया कट पुल पर बस में आग लग गई। यात्रियों के मुताबिक, हादसे के वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे। अचानक बस से धुआं उठने लगा।

## खुलासा

सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर का दावा, ट्रेन में आग जान बूझकर लगाई गई

# गोधरा कांड दुर्घटना नहीं, साजिश थी : राकेश अस्थाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व सीबीआई स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर दावा किया कि साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश थी। अस्थाना ने कहा- सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी और नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी आग को जानबूझकर लगाना बताया था। साथ ही गुजरात पुलिस की जांच को सही पाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें इस केस में फंसाना चाहते थे। 27 फरवरी 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई थी। इनमें अयोध्या से लौट रहे कारसेवक भी शामिल थे। इसके बाद गुजरात में हिंसा हो गई थी। गुजरात पुलिस ने गोधरा कांड की जांच के लिए राकेश अस्थाना की अगुआई में एसआईटी गठित की थी।

### साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग लगने से 59 लोगों की हुई थी मौत


तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव मुझे इस केस में फंसाना चाहते थे

#### नानावती आयोग ने भी आग को साजिश बताया था

गुजरात पुलिस और एसआईटी की जांच के बाद 2008 में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सीबीआई डायरेक्टर आरके राघवन के नेतृत्व में एक नई एसआईटी बनाई। इस टीम ने पुलिस की जांच, घटनास्थल और जांच अधिकारियों के कामकाज की दोबारा पड़ताल की। राकेश अस्थाना के मुताबिक, एसआईटी को पुलिस की जांच में कोई खामी नहीं मिली और सुप्रीम कोर्ट ने उसकी रिपोर्ट मानी। इस मामले में 2011 में आरोपियों को सजा सुनाई गई थी। अस्थाना ने बताया कि गुजरात सरकार ने मार्च 2002 में गोधरा कांड की जांच के लिए केजी शाह की अध्यक्षता में आयोग बनाया था। बाद में जस्टिस नानावती को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

#### सोनिया गांधी की किताब में जिक्र

सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में पेज 401 से 403 के बीच गोधरा कांड और दंगों के बारे में लिखा है। उन्होंने लिखा- दंगे तब भड़के, जब साबरमती एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लगा दी गई। इसके चलते 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। ट्रेन अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें कारसेवक बैठे थे। आग लगने का कारण अभी भी विवादित विषय है। इसके चलते राज्य के हिस्सों में उथल-पुथल मच गई।

### आप सरकार ने झूठे वादों से जनता को किया निराश, युवाओं को नहीं मिल रही नौकरियां

# 2029 तक पंजाब से नशे का कारोबार खत्म करना भाजपा की गारंटी : नायब

पंजाब के पटियाला में कार्यक्रम को संबोधित किया, सीएम की उपस्थिति में कई नेता पार्टी में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में नशे के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2029 तक पंजाब से नशे के कारोबार को समाप्त करना भाजपा की गारंटी है। नशे का अवैध कारोबार करने वालों को या तो अपना धंधा छोड़ना होगा या पंजाब छोड़कर कहीं और जाना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की जनता से झूठे वादे कर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने प्रदेश को भ्रष्टाचार, नशे और अव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। मुख्यमंत्री शनिवार को पंजाब के पटियाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरदार हरिंदर सिंह सबरवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा। सैनी ने कहा कि वर्ष 2022 में पंजाब की जनता ने बदलाव की उम्मीद के साथ आम आदमी पार्टी को 117 में से 92 सीटें देकर ऐतिहासिक जनादेश दिया था। लोगों को उम्मीद थी कि नशा समाप्त होगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, किसानों की समस्याओं का समाधान होगा और भ्रष्टाचार मुक्त शासन मिलेगा।

### पंजाब और हरियाणा का रिश्ता खून और परिवार का

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब और हरियाणा का रिश्ता राजनीतिक नहीं, बल्कि खून और परिवार का रिश्ता है। पंजाब के लोग दुखी होते हैं तो हरियाणा के लोगों के दिलों में भी पीड़ा होती है। जिस पंजाब ने देश का पेट भरने और सीमाओं की रक्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उसे कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक हितों के लिए पीछे धकेलने का काम किया है।

## हरियाणा में मेरिट से नौकरी पंजाब में चल रहा गोलमाल



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए फिर जुबानी हमला बोला है। हरियाणा में बिना पर्ची-खर्ची दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का दावा करते हुए कहा कि पंजाब में भर्तियों में गोलमाल चल रहा है। पठानकोट के छतवाल में शनिवार को भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय एवं आरोग्य केंद्र के उद्घाटन अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भर्ती का आधार केवल योग्यता और मेरिट है। पंजाब में आबकारी निरीक्षक भर्ती में अभ्यर्थियों के नाम का जिक्र करते हुए उनके चयन होने पर सवाल उठाये। एक अभ्यर्थी के दो रोल नंबर होने, दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर एक ही समय परीक्षा देने और दोनों जगह चयन होने जैसी बातों का उल्लेख करते हुए भर्ती प्रक्रिया के निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए।

# सहकारिता के क्षेत्र में हरियाणा की उपलब्धियां सराहनीय : अमित शाह

■ तीन चीनी मिलों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर केंद्रीय मंत्री ने थपथपाई पीठ

■ प्रदेश के मंत्री अरविंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से दिल्ली में की भेंट



चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन, हरियाणा में सहकारिता आंदोलन को नई गति देने, सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण तथा किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक एवं सार्थक विचार-विमर्श हुआ। डॉ. अरविंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बैठक में हरियाणा की तीन सहकारी चीनी मिलों को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त प्रतिष्ठित पुरस्कारों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

### मिलों को लाभकारी बनाने पर चर्चा

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस उपलब्धि पर हरियाणा के सहकारिता विभाग की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र की उल्लेखनीय सफलता बताया। इस अवसर पर सहकारी चीनी मिलों की कार्यप्रणाली को अधिक आधुनिक एवं लाभकारी बनाने, नवीन तकनीक अपनाने, गन्ना उत्पादक किसानों को बेहतर सुविधाएं देने तथा चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. अरविंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है।

## सहायक प्राध्यापकों को तबादलों में राहत, 80% को मिला पसंदीदा कॉलेज

■ कॉलेजों के 4500 सहायक प्राध्यापकों के ऑनलाइन तबादले

चंडीगढ़। प्रदेश के सरकारी कालेजों में कार्यरत करीब 4500 सहायक प्राध्यापकों के ऑनलाइन तबादले हुए हैं। विशेष बात यह कि करीब 80 प्रतिशत प्राध्यापकों को उनकी ओर से चुने गए शीर्ष एक से 15 पसंदीदा स्टेशनों में तैनाती मिली, जबकि लगभग 20 प्रतिशत शिक्षकों को 15वें से 60वें विकल्प तक के स्टेशन आवंटित हुए। केवल 25 से 30 प्राध्यापक ही ऐसे रहे, जिन्हें दूसरे राउंड में स्टेशन आवंटित करने की जरूरत पड़ी। हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ ने आनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को बिना खर्ची-पर्ची, पारदर्शी और नियमबद्ध बताते हुए इसे उच्चतर शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव करार दिया है। संघ के प्रधान डा. राजेश रांझ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष सबसे पहले उच्चतर शिक्षा विभाग में मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू की है।

## पार्ट टाइम कर्मियों को हाईकोर्ट से राहत पुरानी पेंशन का लाभ देने का आदेश

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के पार्ट टाइम कर्मचारियों को राहत देते हुए कहा है कि नियमितीकरण से पहले की लगातार पार्ट टाइम, दैनिक वेतन या तदर्थ सेवा को पेंशन के लिए अहंकारी सेवा माना जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि नियमित नियुक्ति से पहले की नौकरी को पेंशन की गणना से बाहर नहीं रखा जा सकता। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने बिमला देवी व अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को याचिकाकर्ताओं की प्रारंभिक नियुक्ति से नियमितीकरण तक की सेवा पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों में शामिल करने का निर्देश दिया। नियुक्ति और नियमितीकरण से जुड़े दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उन्हें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ देने को कहा गया है याचिकाकर्ताओं की नियुक्तियां हिसार जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1990 से 2002 के बीच पार्ट टाइम आधार पर हुई थीं।

## दिल्ली में आक्रोश रैली करेगा महासंघ : लांबा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने ऐलान किया कि सरकार की कर्मियों की मांगों के प्रति बेरुखी के खिलाफ कर्मचारी 12 दिसंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में कर्मचारी आक्रोश रैली करेंगे। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर तक पुरानी पेंशन बहाली, मूल वेतन का 20 प्रतिशत और कम से कम पांच हजार रुपए प्रति माह अंतरिम राहत देने, दस की बजाय पांच साल में पे रिवीजन करने, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, ठेका संविदा कर्मियों को रेगुलर करने, निजीकरण पर रोक, 18 महीने के बकाया डीए / डीआर को रिलीज करने सहित अन्य मुद्दों पर विरोध जताया जाएगा।

## सैलजा ने शिक्षकों की कमी पर जताई चिंता



चंडीगढ़। सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, कुमारी सैलजा ने हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में नियमित शिक्षकों तथा प्राचार्यों की भारी कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की घोषणाएं करने वाली भाजपा सरकार को पहले मौजूदा शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त शिक्षक, स्थायी प्राचार्य, आवश्यक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करना चाहिए।

### उत्पादक और खरीदार के बीच सीधा संवाद

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन में सजा एक्सपोर्ट कॉर्नर



चंडीगढ़। देश को एक्सपोर्ट के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को धरातल पर उतारने के लिए हरियाणा सरकार पूरी तरह संकल्पित हैं। इसी संकल्प की एक सशक्त तस्वीर दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में देखने को मिल रही है, जहां पहली बार हरियाणा पवेलियन में विशेष एक्सपोर्ट कॉर्नर बनाया गया है। यह कॉर्नर केवल प्रदर्शनी का एक हिस्सा नहीं, बल्कि हरियाणा के उद्यमियों के हुनर और दुनिया के बाजारों के बीच एक सीधा पुल है। यहां प्रदेश से विदेशों में भेजे जाने वाले उत्पादों को सजाकर प्रदर्शित किया गया है, ताकि मेले में आने वाले हर आगंतुक को यह अहसास हो कि हरियाणा में बना सामान आज सात समंदर पार तक अपनी पहचान बना रहा है। एमएसएमई के उप निदेशक रमनदीप ने बताया कि एक्सपोर्ट कॉर्नर में प्रदेश से विदेशों में एक्सपोर्ट होने वाले उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।



सत्यमेव जयते

जनजातीय कार्य मंत्रालय
Ministry of Tribal Affairs
Government of India

जनजातीय गौरव दिवस

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का दृष्टिकोण

## हमारी प्रेरणा

**भारत की जनजातियों की भावना, सामर्थ्य और विरासत का उत्सव**



# जनजातीय गौरव दिवस

**15 नवंबर 2026 | गढ़चिरौली, महाराष्ट्र | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:15 तक**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 3000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विशेष संबोधन, उद्घाटन और शिलान्यास**

राज्यों में

**246**

परियोजनाएं

◆ उद्घाटन हेतु परियोजनाएं (173) ◆ शिलान्यास हेतु परियोजनाएं (73)

### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- पीएम-जनमन के तहत **100** एमपीसी (बहुउद्देशीय केंद्र)
- अनुच्छेद 275 (1) के तहत **32** नए विद्यालय, छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्र
- डीएजेजीयूए के तहत **55** नए छात्रावास, विद्यालय सुविधाएं और जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र
- 11 राज्यों में **57** नए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
- जनजातीय अनुसंधान संस्थान भवन पांचाली, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
- रोपुइलियानी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, केल्सिह, आइजोल, मिजोरम

## माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय विकास के 12 वर्ष

**समावेश, अवसर, अधिकार और जमीनी स्तर पर विकास के माध्यम से जनजातीय कल्याण में बदलाव**

### ◆ जनजातीय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता

- बजट 3.5 गुना: पिछले 12 वर्षों में 4,295 करोड़ रूपये से 15,421 करोड़ रूपये
- पीएम-जनमन और डीएजेजीयूए योजना के तहत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संयुक्त परिव्यय
- पीएम जनमन : 3.3 लाख पक्के मकानों का निर्माण, 3,300 किलोमीटर सड़कों का निर्माण, 1.4 लाख घरों का विद्युतीकरण
- 9,100 पीवीटीजी गांव पाइप द्वारा पेयजल से संतृप्त
- डीएजेजीयूए: 63,800 गांव, 5.4 करोड़ जनजातीय लोग शामिल

### ◆ वन अधिकार: सामुदायिक स्वामित्व को मान्यता

- देश भर में वन अधिकार अधिनियम के तहत 54,01,561 दावे प्राप्त
- 2,37,91,827 एकड़ में फैली वन भूमि पर 25,42,369 अधिकार-पत्र वितरित
- ग्राम सभा के नेतृत्व वाले वन संरक्षण और सामुदायिक संसाधन प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण

### ◆ स्वास्थ्य सेवा और आधारभूत शासन

- 76,963 गांवों में कल्याणकारी सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रदायगी सुनिश्चित करने के लिए 1.54 लाख आदि कर्मयोगी स्वयंसेवक
- 1 लाख उपचारकों को प्रशिक्षित करने और प्रमाणित करने के लक्ष्य की दिशा में 1,500 पारंपरिक जनजातीय उपचारक प्रशिक्षित
- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत 19 सक्षमता केंद्र स्वीकृत, इनमें से 4 उद्घाटित

### ◆ शिक्षा: आगामी पीढ़ी का सशक्तीकरण

- 532 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कार्यशील; 1.7 लाख छात्र, जिनमें आधी बालिकाएं
- जनजातीय छात्रों को छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्तियों के लिए 22,000 करोड़ रुपये से अधिक संवितरित
- प्रतिवर्ष 30 लाख जनजातीय छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त

### ◆ आजीविका और उद्यम विकास

- देश भर में 3652 वन धन विकास केंद्र संचालित
- 9,68,350 सदस्यों को लाभान्वित करते हुए 188.22 करोड़ रुपये की बिक्री हुई
- जनजातीय कारीगरों और उद्यमियों को बाजार संपर्क, डिजाइन विकास और उद्यम संवर्धन के माध्यम से प्रदत्त सहायता
- जनजातीय कला महोत्सव 2026 में 2 करोड़ रुपये की बिक्री करते हुए 1,000 से अधिक कलाकृतियों का प्रदर्शन

### ◆ संस्कृति, विरासत और डिजिटल समावेशन

- देश भर में 11 में से 4 जनजातीय संग्रहालयों का उद्घाटन
- आदि वाणी: 9 जनजातीय भाषाओं के साथ एआई आधारित मंच लाइव; कई भाषाएं विकास के अधीन
- 13 राज्यों में 16 जनजातीय हॉटस्पॉट में 200-300 औषधीय पौधों की प्रजातियों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण

CBC 43101/13/0016/2627

**— दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण —**

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी संकल्प यात्रा में गजेंद्र फोगाट भरेंगे जोश

**पंचकूला।** स्वदेशी जागरण मंच, हरियाणा द्वारा 15 नवंबर को पंचकूला में भव्य स्वदेशी संकल्प युवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को स्वदेशी अपनाने, नशे से दूर रहने, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा राष्ट्रहित के कार्यों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रसिद्ध हरियाणवी गायक गजेंद्र फोगाट सुबह 10:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर युवाओं में जोश और उत्साह भरेंगे। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-समन्वयक डॉ. राजेश गोयल तथा हरियाणा प्रांत संगठक कुलदीप भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### गुरुग्राम में बिना पीयूसी नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बिना वैध पोल्यूशन सर्टिफिकेट (पीयूसी) के अब पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। सभी पेट्रोल पंपों पर इस आदेश को सख्ती से लागू करने को कहा है। रविवार से ही पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाने का काम शुरू किया जाएगा। इससे ही वाहनों के पीयूसी प्रमाण-पत्र की ऑनलाइन जांच की जाएगी।

## कैथल में लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से बुझे 3 घरों के चिराग, चालक पर केस दर्ज

# झगड़े में पुल से भिड़ाई कार, 3 चचेरे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव सिसमौर-पाई के बीच शुक्रवार देर रात नहर पुल पर कार से घर लौट रहे छह युवकों की गाड़ी पुल से टकरा गई। इसमें तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। शुरुआती जांच में बताया जा रहा था कि कार की तेज रोशनी ड्राइविंग कर रहे युवक की आंखों में पड़ गई, जिससे हादसा हुआ लेकिन बाद में मृतक के परिजनों ने कार चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया।

बताया जा रहा है कि दोस्तों के साथ कार में घर लौट रहे युवकों का रास्ते में चालक से झगड़ा हो गया। विवाद के बाद चालक ने कार में बैठे दोस्तों को समझाने के बजाय गुस्से में तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ा दी। गांव सिसमौर-पाई के बीच नहर पुल पर कार पुल से जा टकराई। हादसे में कार सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत 3 युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान नवदीप (19), प्रदीप (27) और अजय (22) के रूप में हुई है। जबकि साहिल, गौरव, नरेंद्र और अर्जुन घायल हुए हैं। परिजनों की शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने कार चालक नरेंद्र के खिलाफ लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव करोड़ा के रामनिवास ने बताया कि 13 नवंबर की रात करीब साढ़े 11 बजे नरेंद्र कुमार महावीर की टाटा अल्ट्रोज कार लेकर अपने दोस्तों को छोड़ने के लिए कैथल आ रहा था। कार में उसके साथ प्रदीप, नवदीप, अजय और साहिल भी सवार थे। 14 नवंबर की अल सुबह करीब दो बजे उन्हें सूचना मिली कि नरेंद्र ने रास्ते में कार रोक रखी है और दोस्तों के साथ झगड़ा कर रहा है। इसके बाद वह अपने दोस्त गौरव व अर्जुन के साथ कार में सवार होकर कैथल-सिसमौर की तरफ निकल पड़ा। गांव सिसमौर से पहले नरेंद्र कार रोककर दोस्तों के साथ बहस कर रहा था। उसने मौके पर पहुंचकर सभी को समझाया। इसके बाद नरेंद्र अपने दोस्तों को कार में बैठाकर तेज रफ्तार से कैथल की तरफ चल पड़ा। वह भी बाइक से कार के पीछे चलने लगा। नरेंद्र ने कार की रफ्तार कम नहीं की और सिसमौर-पाई नहर पुल पर पहुंचते ही गाड़ी पुल से टकरा दी। कार को पुल से टकराते देखकर उसकी बाइक का भी संतुलन बिगड़ गया और वह गौरव व अर्जुन सहित सड़क पर गिर गया। तीनों को भी चोटें आईं। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई।



कैथल। क्षतिग्रस्त कार और तीनों मृतकों के फाइल फोटो।

**3 में से एक शादीशुदा, 2 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक गांव करोड़ा के निवासी थे। मृतक प्रदीप शादीशुदा था और उसका एक बेटा व एक बेटी है। नवदीप व अजय अविवाहित थे। एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

## करनाल-नेशनल हाइवे पर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, मामा-भांजे की मौत

**करनाल।** करनाल-इंद्री हाइवे पर नीलोखेड़ी के पास ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ट्रैक्टर पर सवार होकर रोजगार के सिलसिले में पंजाब जा रहे थे। पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला मुरवा निवासी शीशपाल और शूरवीर के रूप में हुई है। पुलिसकर्मी सतीश कुमार के अनुसार दोनों आपस में मामा-भांजे थे। हादसे के समय शीशपाल और शूरवीर ट्रैक्टर पर बैठे थे, जबकि ट्राली में तीन अन्य लोग सवार थे। परिजनों के अनुसार एक मृतक के तीन और दूसरे के चार बच्चे हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के शवगृह भेज दिया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत, पिता घायल, आरोपी फरार

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बल्लभगढ़ के सेक्टर-2 कट के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला और उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान अर्चना और उनकी बेटी अंजली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजकुमार पत्नी और बेटी के साथ नवादा के नजदीक जोगी बस्ती में रहते हैं। शनिवार को तीनों बाइक से अलीगढ़ जिले के टप्पल गए थे और वहां से वापस फरीदाबाद लौट रहे थे। सेक्टर-2 कट के पास उनकी बाइक कार की चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल राजकुमार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मां-बेटी के शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवाए गए।

## नाबालिग से रेप के आरोपी ने जेल में लगाया फंदा

**हिसार।** सेंट्रल जेल-2 में शुक्रवार को एक बंदी ने अपनी बैरक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 27 वर्षीय मोहन निवासी फर्रुखनगर, गुरुग्राम के रूप में हुई है। घटना की सूचना थाना आजाद नगर पुलिस को दी गई है। बंदी ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका पता पुलिस जांच के बाद ही चल पाएगा। जानकारी के अनुसार, मोहन के खिलाफ 16 अगस्त 2025 को थाना सिटी फतेहाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि 14 अगस्त 2025 को उसकी नाबालिग बेटी को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

पुलिस ने जांच के दौरान लड़की को पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र से मोहन के कब्जे से बरामद किया था। पीड़िता के बयान के बाद मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई थीं। इस मामले में मोहन ने फतेहाबाद कोर्ट में नियमित जमानत याचिका लगाई थी। अदालत ने 17 अगस्त 2026 को मामले की गंभीरता और उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में था। 11 सितंबर 2026 को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# हत्यारोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ पैर में गोली मारी, पिस्तौल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सीआईए-2 व हत्या के आरोपी के बीच शुक्रवार रात मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने बचने के लिए पुलिस पर गोलियां दाग दीं। बचाव में पुलिस ने भी फायर किया तो एक गोली आरोपी के पैर में लगी। बाद में पुलिस ने आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जानकारी के अनुसार, 5 नवंबर को कालौद गांव में दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इस झगड़े में कालौद निवासी विकास उर्फ मोटिया ने अपने साथियों के साथ अपने गांव के ही अनिल को लाठी डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया था। इसके बाद घायल अनिल ने तीन दिन बाद इलाज के दौरान हिसार के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस इस हत्याकांड में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी विकास उर्फ मोटिया फ़रार था। डीएसपी अनूप कुमार ने बताया कि विकास उर्फ मोटिया की धरपकड़ में जुटी सीआईए -2 इंचार्ज दशरथ को सूचना मिली थी कि वो देवसर गांव में माता मंदिर के पास छुपा है। जैसे ही सीआईए-2 इंचार्ज दशरथ ने अपनी टीम के साथ विकास को पकड़ना चाहा तो उसने पुलिस टीम पर दो फायर कर दिए। ऐसे में बचाव में पुलिस ने भी विकास को दो फायर किए, जिसमें एक गोली उसके पैर में लगी। डीएसपी ने बताया कि घायल विकास के पास से एक देशी पिस्तौल व दो खाली खोल बरामद हुए।



# नकली सोना देकर 3 लाख हड़पने में आरोपी गिरफ्तार

■ कबाड़ी ने सस्ता सोना बेचने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

हथीन थाना पुलिस ने सस्ता सोना बेचने का झांसा देकर 3 लाख रुपये ठगने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर 3 दिन के रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी सुरेश कुमार ने 22 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि करीब चार महीने पहले बघोला-देवली रोड पर उनकी मुलाकात जानी खान से हुई थी। जानी ने खुद को कबाड़ी बताया और उनका मोबाइल नंबर ले लिया। शिकायत के मुताबिक, 13 सितंबर को आरोपी ने फोन कर सस्ते दाम पर सोना बेचने का झांसा दिया। सुरेश कुमार ने 3 लाख रुपये का इंतजाम किया और 20 सितंबर को आरोपी के बुलाने पर हथीन के रेस्ट हाउस पहुंचे। वहां आरोपी ने उनसे 3 लाख रुपये लेकर नकली सोना दे दिया। पुलिस ने 22 सितंबर को केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# खेत में मिला युवक का शव, छाती में लगी थी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शुक्रवार रात मुकुंदपुर बसई गांव के खेत में एक युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। घटनास्थल पर पुलिस को बीयर की बोतल व देशी पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। मृतक गांव के पूर्व सरपंच जोगेंद्र का भाई है। पुलिस ने 3 पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस कंट्रोल रूम को रात करीब 9 बजकर 20 मिनट पर सूचना मिली थी कि मुकुंदपुर बसई निवासी लगभग 36 वर्षीय बसंत कुमार ने बोलनी रोड पर खेत में खुद को गोली मार ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो बसंत बेसुध पड़ा हुआ था। बसंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना कसोला प्रभारी सतीश कुमार के अनुसार मामला खुद को गोली मारने का नजर आ रहा है। गोली मृतक की छाती में लगी है।

उसके भाई जोगेंद्र ने कुछ लोगों पर उसके भाई को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की है। ग्रामीणों के अनुसार बसंत शादीशुदा था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। वह अक्सर गांव से बाहर ही रहता था।


**पुनर्वास महानिदेशालय**
रक्षा मंत्रालय
पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए जॉब मेला
20 नवंबर 2026 - पूर्वा. 7 बजे से
स्थान: 54 एएसपी, एयर फोर्स स्टेशन, निकट शहीद अतुल कटारिया चौक, गुरुग्राम।
आवश्यक दस्तावेज: ईएसएम आई-कार्ड एवं रिज्यूमे/बायोडेटा की 5 प्रतियां।



पूर्व सैनिक : कुशल, अनुशासित और भरोसेमंद

उद्योग नियोक्ताओं के लिए लाभ
- नि:शुल्क ऑनलाइन पंजीकरण
- नि:शुल्क जॉब पोस्टिंग्स
- स्टॉल्स का नि:शुल्क आवंटन
- ईएसएम के रिज्यूमे तक नि:शुल्क पहुंच

जॉब मेला में नियोक्ता क्या उम्मीद कर सकते हैं
नेतृत्व भूमिकाओं के लिए अधिकारी और निम्नलिखित के लिए पूर्व सैनिक :-
- पीएसओएस, सुपरवाइजर्स और गार्ड्स
- ड्राइवर्स और मशीनरी ऑपरेटर्स
- शेफ, स्टीवर्ड और हॉस्पिटैलिटी रोल्स
- पैरामेडिकल स्टाफ और अस्पताल प्रशासन
- फिटर्स, इलेक्ट्रीशियंस और तकनीशियंस
- कारीगर, मैकेनिक और इंजन ऑपरेटर्स
- नेटवर्क और टेलीकॉम इंजीनियर्स
- सर्वेयर्स और ड्राफ्ट्समेन
- मशीनिस्ट्स, वेल्डर्स और कारीगर
- ऑटोमोबाइल, एविएशन और हथियार तकनीशियन

अधिक विवरण के लिए संपर्क करें :
संयुक्त निदेशक, डीआरजेड (डब्ल्यू) - 0172-2992652
drzwcdm@desw.gov.in
संयुक्त निदेशक (एसई), डीजीआर - 011-20863432
seopadgr@desw.gov.in
निदेशक (एसई), डीजीआर - dirsedgr@desw.gov.in

In collaboration with ESMHire™
पंजीकरण अभी खुला है : www.esmhire.com
CBC 10401/11/0010/2627



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आज से खुलेगा शहीदी स्मारक, ऑनलाइन बुकिंग होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहीदी स्मारक 15 नवंबर यानी रविवार से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। यहां रोजाना 500 लोगों को निशुल्क प्रवेश मिलेगा। हालांकि, पहले एक महीने तक स्मारक देखने के लिए ऑनलाइन बुकिंग अनिवार्य होगी। बिना बुकिंग के प्रवेश नहीं मिलेगा। विजिटर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही स्मारक देख सकेंगे। ऑनलाइन बुकिंग कराने वालों को उसका प्रिंटआउट साथ लाना होगा। गेट पर इसकी जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। बच्चों को छोड़कर सभी दर्शकों के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। वार मेमोरियल के डायरेक्टर डॉ. कुलदीप सैनी ने बताया कि रविवार को सुबह 7:30 बजे हवन होगा। उसके बाद सुबह 9 बजे पहले बैच को प्रवेश मिलेगा। सभी गैलरियां देखने में करीब 5 घंटे का समय लगेगा, इसलिए आखिरी बैच को दोपहर 3 बजे से पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। शहीदी स्मारक के 2500 दर्शकों की क्षमता वाले ओपन एयर थिएटर में एक महीने तक लाइट एंड साउंड शो निशुल्क दिखाया जाएगा। लाइट एंड साउंड शो के दौरान दो बड़े वाटर स्क्रीन, संग्रहालय की दीवारों और 63 मीटर ऊंचे टावर पर 1857 की क्रांति की पूरी कहानी दिखाई जाएगी। इसके जरिए दर्शकों को क्रांति की घटनाओं, संघर्ष और शहीदों के योगदान से रूबरू कराया जाएगा।



## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# एक दशक से अधूरी पड़ी आवास परियोजनाएं ईडी ने 41 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश की


योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आवास खरीदारों से कथित धोखाधड़ी व धनशोधन के चर्चित मामले में एडीईएल लैंडमार्क्स लिमिटेड और इसके पूर्व निदेशकों समेत 41 लोगों और संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अभियोजन शिकायत दाखिल कर दी है। आरोप है कि कंपनी और उसके प्रवर्तकों ने 4,771 मकान खरीदारों से आवासीय परियोजनाओं के नाम पर करीब 1075 करोड़ की राशि जुटाई लेकिन राशि का इस्तेमाल परियोजनाओं को पूरा करने के बजाय अन्य कंपनियों में धन हस्तांतरित करने के लिए करके निवेशकों के साथ में धोखा किया गया। ईडी की गुरुग्राम क्षेत्रीय इकाई की जांच में सामने आया कि कंपनी ने वर्ष 2006 से 2012 के बीच गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई आवासीय परियोजनाएं शुरू की थीं। कई परियोजनाएं शुरू होने के 12 से 19 वर्ष बाद भी अधूरी हैं, जिनमें लोगों का पैसा फंसा हुआ है। ईडी की ओर से शिकायत दाखिल किए जाने के बाद गुरुग्राम स्थित पीएमएलए विशेष अदालत ने 3 नवंबर को नोटिस जारी किए। ईडी ने कंपनी के पूर्व निदेशकों हेम सिंह भड़ाना और सुमित भड़ाना सहित 41 लोगों और संस्थाओं को मामले में आरोपी बनाया।

**इन परियोजनाओं में फंसे हैं 1075 करोड़ रुपये**

ईडी की जांच में कॉस्मो सिटी-वन, कॉस्मो सिटी-टू और कॉस्मो सिटी-थ्री, स्काईविल, रेडवुड रेजिडेंसी, एरा ग्रीन वर्ल्ड, एरा डिवाइन कोर्ट और एडीईएल डिवाइन कोर्ट सहित कई आवासीय परियोजनाओं का उल्लेख किया है।

## शब्द पहेली - 6407




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6406 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | इ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु में वस्तुओं का स्टॉक किया तय

**चेन्नई।** धान, चावल, अरहर दाल और उड़द दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर स्टॉक की सीमा तय कर दी है। यह नया आदेश लागू किया गया है। आयातित स्टॉक को सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 45 दिन से अधिक रखने की अनुमति नहीं होगी। व्यापारियों और संबंधित इकाइयों को उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी दर्ज करनी होगी।



### तेलुगू निर्माता-निर्देशक गिरी बाबू का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता और निर्माता-निर्देशक गिरी बाबू का शनिवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। अपने पांच दशक के लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने 600 से अधिक फिल्मों में अभिनय और निर्देशन किया था। इंडस्ट्री में शोक की लहर है।



### नवीन रायपुर में 'गौरव' कार्यक्रम में शामिल होंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम में उन्हें याद किया जाएगा।



### तेलंगाना के गिग वर्कर्स के लिए राहुल ने किए कई बड़े ऐलान

# वाई फाई फ्री जोन, 10 लाख हेल्थ इंश्योरेंस हर ट्रांजेक्शन का 1% सीधे खाते में पहुंचेगा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

**तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की**

ऑनलाइन सामान पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉय और दूसरे गिग वर्कर्स के लिए तेलंगाना सरकार ने बड़ी पहल की है। अब इन कर्मचारियों को दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपये तक का बीमा और बीमारी के इलाज के लिए 10 लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। राज्य के हर शहर में इनके लिए वाई-फाई वाले आराम केंद्र भी बनाए जाएंगे। यहां डिलीवरी वर्कर्स अपना वाहन खड़ा कर सकेंगे और कुछ देर बैठकर आराम भी कर सकेंगे। इस योजना का ऐलान कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया। राहुल ने तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की। इस मौके पर सीएम रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भी थे।



#### 5 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा मिलेगा

राहुल ने कहा कि डिलीवरी का काम करने वाले लोग दिनभर सड़कों पर रहते हैं। तेलंगाना सरकार ने गिग वर्कर्स को 5 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा देने का ऐलान किया है।

#### आराम केंद्रों में बैठ सकेंगे डिलीवरी बॉय

राहुल ने कहा कि ये लोग शहरों में घंटों तक बाइक चलाते हैं और सामान पहुंचाते रहते हैं। उन्होंने ऐलान किया कि हर शहर में गिग वर्कर्स के लिए वाई-फाई वाले रेस्ट जोन बनाए जाएंगे।

#### मोबाइल पर दिखेगा कितनी कमाई हुई

राहुलने इस योजना की एक और खास बात बताई। उन्होंने कहा कि अब गिग वर्कर्स को अपने काम का पूरा डेटा देखने का अधिकार मिलेगा। आज बड़ी-बड़ी कंपनियां डेटा के आधार पर काम कर रही हैं।

#### राहुल के आरोप बचकाने और पूरी तरह से निराधार

**नई दिल्ली।** भाजपा और उसके प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज और निराधार बताया है भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी निराधार और बचकानी बयानबाजी करते हैं और उनके बयानों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं होता। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु में कांग्रेस के प्रभाव पर सवाल उठाए हैं।



### प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा

## प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, देवी दर्शन किया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी के साथ बैठक करने के बाद राज्य से रवाना हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान मोदी ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, साबरमती आश्रम के पुनर्विकास और 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों सहित कई प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री शुक्रवार अहमदाबाद पहुंचे थे और लोक भवन गए। वहीं रात में विश्राम भी किया। शनिवार को बनासकांठा जिले के प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर गए।



## दिल्ली : शूज फैक्टरी में लगी आग 16 गाड़ियों ने किसी तरह बुझाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक बार फिर जूता बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। फेज-2 स्थित ए-76 नंबर फैक्टरी में दोपहर करीब 1:10 बजे आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली।दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। दमकल की कुल 16 इकाइयां तैनात की गईं। आग लगने के कारण और किसी के हताहत होने के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है।



### डीके की प्रधानमंत्री से मांग पर भड़की कांग्रेस

## टैगोर बोले-मेकेदातु बांध को कांग्रेस हर तरीके से रोकेगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कावेरी नदी पर प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच पुराना विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। यह विवाद तब और बढ़ गया जब सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मेकेदातु प्रोजेक्ट के लिए केंद्र से जल्द मंजूरियां देने की मांग कर दी। शिवकुमार ने केंद्र से इस परियोजना को कानूनी तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मांगी। तमिलनाडु कांग्रेस के अध्यक्ष बी. मणिक्कम टैगोर ने उनके बयान को बेहद गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। तमिलनाडु कांग्रेस इस परियोजना को रोकने के लिए हर हद तक जाएगी। सीएम ने कहा कि कर्नाटक को कावेरी पर बांध बनाने का अधिकार है। यह मेरा राज्य है और मेरा अधिकार भी है।



### शिवराज ने दी 5 लाख पीएम आवास की सौगात

## ओडिशा के हर गरीब को मिलेगा अब पक्का आवास

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओड़िशा के बलांगीर में 'प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करते हुए ओडिशा के गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए सौगातें प्रदान की। सीएम मोहन चरण माझी की मौजूदगी में चौहान ने ऐलान किया कि ओडिशा के गरीब परिवारों को तत्काल 5 लाख पक्के मकान दिए जाएंगे और हर पात्र परिवार को घर मिलेगा। बलांगीर में नए कृषि कॉलेज का शिलान्यास भी किया गया। चौहान ने आश्वस्त किया कि आवास के लिए अब सही सर्वे हो चुका है और सबको चरणबद्ध तरीके से पक्का मकान मिलेगा। मकानों पर सोलर पैनल लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सब्सिडी देगी, जिससे बिजली का बिल शून्य होगा। सुभद्रा योजना के तहत सालाना 10 हजार मिलने से ओडिशा की बहनों का सम्मान बढ़ा है। माझी के नेतृत्व में ओडिशा ने समय से एक साल पहले ही 27 लाख का लक्ष्य पार करते हुए 29 लाख बहनों को 'लखपति दीदी' बना दिया है।

## भारत पर्व 2026 में उत्तर भारत के राज्यों के पवेलियन बने आकर्षण का केंद्र

**गुजरात/चंडीगढ़।** गुजरात के एकता नगर में आयोजित भारत पर्व 2026 देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता और राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव बनकर उभर रहा है। देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं, लोक कलाओं, खान-पान, हस्तशिल्प और पर्यटन स्थलों का अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करते हुए देश की विविधता में एकता का संदेश दे रहा है। भारत पर्व 2026 देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत परंपराओं, क्षेत्रीय व्यंजनों, हस्तशिल्प, लोक कलाओं, संगीत और नृत्य को एक साझा मंच पर प्रस्तुत कर रहा है। इसमें सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों, इनक्रेडिबल इंडिया तथा केंद्रीय कुटीर उद्योगों की सहभागिता है। उत्सव के प्रमुख आकर्षणों में 100 से अधिक 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) उत्पाद, पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, चित्रकलाएं, कृषि उत्पाद और क्षेत्रीय विशिष्टताएं शामिल हैं। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शनी मंडप पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं।




हरियाणा सरकार
हरियाणा हीरक जयंती HARYANA HIRAK JAYANTI 1966 - 2026

# जनजातीय गौरव दिवस

15 नवम्बर, 2026

## भगवान बिरसा मुंडा जी

की जयंती के अवसर पर

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

15 नवम्बर, 2026 | प्रातः 11:00 बजे
सेक्टर 27, हर्बल पार्क के सामने, पंचकूला

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे संबोधित



"धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी को कोटि-कोटि नमन। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। मातृभूमि के लिए सर्वस्व त्याग करने की उनकी गाथा देश की हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करती रहेगी।"
- नरेन्द्र मोदी

HARYANACMO CMOHRY www.haryanacmoffice.gov.in | सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

**प्रदूषण ने सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। देश में प्रदूषण का एक प्रमुख कारण सड़कों पर वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या है। पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन बड़ी मात्रा में प्रदूषक गैसें और सूक्ष्म कण छोड़ते हैं। इसके अलावा, कारखानों का उत्सर्जन, कोयले से चलने वाले बिजलीघर, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, सड़कों की धूल, कूड़ा जलाना और खेतों में पराली जलाना मुख्य कारक माने जाते हैं। सर्दियों में मौसम की स्थिति भी प्रदूषण को जमीन के करीब रोक देती है। हवा की गति कम होने और तापमान में बदलाव के कारण प्रदूषक आसानी से फैल नहीं पाते। यदि आज पर्यावरण की रक्षा के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। अतः प्रदूषण के कारणों की पहचान करना और उन पर समय रहते प्रभावी रोक लगाना ही इसका स्थायी समाधान है। पराली से जैव ईंधन, खाद और दूसरे उपयोगी उत्पाद बनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाए। सरकार को नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा और नागरिकों को भी अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। केवल तात्कालिक उपायों और घोषणाओं से शहरों को साफ-सुथरा नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए सरकार, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

# साल भर काम करने वाली बनें नीतियां



विश्लेषण


विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

ज़रा सोचिए, जिस हवा में हम हर पल सांस लेते हैं, वही हवा अगर हमारी सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाए तो क्या होगा? जिस सुबह की शुरुआत ताजी हवा और चिड़ियों की चहचहाहट से होनी चाहिए, वह अगर धुंध, धुएं और जहरीले कणों के बीच हो तो इसे विकास की कैसी तस्वीर कहा जाएगा? आज भारत के सामने प्रदूषण की समस्या कुछ ऐसी ही चुनौती बनकर खड़ी है। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई, कानपुर, लखनऊ, पटना, जयपुर और देश के दूसरे बड़े शहरों तक हवा की गुणवत्ता लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। सवाल यह है कि आखिर भारत इस प्रदूषण की मार से कैसे बचे? प्रदूषण अब केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं रह गया है। यह सीधे लोगों की जिंदगी, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों पर पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि स्वस्थ और युवा लोग इससे सुरक्षित हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दुनिया में हर साल लगभग 70 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से होने वाली बीमारियों के कारण होती है। प्रदूषित हवा से दिल की बीमारी, स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अस्थमा और सांस से जुड़ी दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। यानी प्रदूषण धीरे-धीरे हमारी जिंदगी के साल कम कर रहा है। भारत में वायु प्रदूषण के कई कारण हैं। इनमें सबसे प्रमुख हैं वाहनों से निकलने वाला धुआं, कारखानों का उत्सर्जन, कोयले से चलने वाले बिजलीघर, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, सड़कों की धूल, कूड़ा जलाना और खेतों में पराली जलाना। सर्दियों में मौसम की स्थिति भी प्रदूषण को जमीन के करीब रोक देती है। हवा की गति कम होने और तापमान में बदलाव के कारण प्रदूषक आसानी से फैल नहीं पाते। दिल्ली और आसपास के शहरों में पराली जलाने की चर्चा हर साल होती है।

**डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में हर साल लगभग 70 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण होती है। प्रदूषित हवा से दिल की बीमारी, स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अस्थमा और सांस से जुड़ी दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। यानी प्रदूषण धीरे-धीरे हमारी जिंदगी के साल कम कर रहा है। भारत में वायु प्रदूषण के कई कारण हैं। इनमें सबसे प्रमुख हैं वाहनों से निकलने वाला धुआं, कारखानों का उत्सर्जन, कोयले से चलने वाले बिजलीघर, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, सड़कों की धूल, कूड़ा जलाना और खेतों में पराली जलाना। सर्दियों में मौसम की स्थिति भी प्रदूषण को जमीन के करीब रोक देती है। हवा की गति कम होने और तापमान में बदलाव के कारण प्रदूषक आसानी से फैल नहीं पाते।**




## जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय हो

जब हवा की गुणवत्ता खराब हो तो बाहरी गतिविधियां सीमित करना समझदारी है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह लें। मास्क के मामले में भी ध्यान रखें कि कपड़े या सामान्य मास्क पूरी सुरक्षा नहीं देते। सही फिटिंग वाला मास्क बेहतर बचाव दे सकता है। भारत को यह समझना होगा कि स्वच्छ हवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। सबसे जरूरी है कि प्रदूषण को केवल सर्दियों की समस्या न माना जाए। गर्मियों में धूल, उद्योगों का धुआं और वाहनों का प्रदूषण भी लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए साल भर काम करने वाली नीति बनानी होगी। प्रदूषण के आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाए, जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय हो और हर शहर के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। आखिर हम अपने बच्चों को कैसी विरासत देना चाहते हैं? ऐसे शहर जहां बच्चे खुलकर खेल न सकें, बुजुर्ग सुबह की सैर से डरें और लोग सांस लेने के लिए मास्क पर निर्भर रहें? या ऐसे शहर जहां साफ हवा में सांस लेना सामान्य बात हो? भारत ने विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब उसे स्वच्छ हवा के मोर्चे पर भी वैसी ही इच्छाशक्ति दिखानी होगी। विकास का मतलब केवल ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं है। विकास का असली पैमाना यह भी है कि देश का आम नागरिक बिना किसी डर के खुलकर सांस ले सके।

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम

पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में फसल कटने के बाद खेतों में बची पराली को जलाया जाता है। इससे धुआं और छोटे जहरीले कण हवा में पहुंचते हैं। हालांकि यह समझना जरूरी है कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए केवल पराली जिम्मेदार नहीं है। स्थानीय वाहन, उद्योग, निर्माण कार्य, सड़क की धूल और कचरा जलाने जैसे कारण भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। एक और समस्या है, जिस पर अपेक्षाकृत कम चर्चा होती है। वह है घरों के भीतर का प्रदूषण। लकड़ी, कोयला और उपले जलाकर खाना बनाने वाले परिवारों को इसका सामना करना पड़ता है। अगर घर में धुएं के बाहर निकलने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है तो महिलाओं-बच्चों की सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ता है। भारत सरकार ने कुछ साल पहले राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया था। इसका उद्देश्य देश के प्रदूषण प्रभावित शहरों में हवा की गुणवत्ता सुधारना है। इसके तहत 130 शहरों में प्रदूषण कम करने के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाई गईं। 2024-25 में इन 130 शहरों में से 103 शहरों में 2017-18 के मुकाबले पीएम10 के स्तर में कमी दर्ज की गई। इनमें 25 शहरों ने 40 प्रतिशत से अधिक कमी हासिल की। लेकिन केवल कुछ शहरों में सुधार से देश की समस्या हल नहीं होगी।

## आपातकालीन पाबंदी समाधान नहीं

जरूरी है कि योजनाओं का असर जमीन पर दिखाई दे। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने पर निर्माण गतिविधियों, वाहनों और अन्य स्रोतों पर पाबंदियां लगाई जाती हैं। लेकिन हर साल सर्दियों में वही स्थिति दोहराई जाती है। इससे साफ है कि केवल आपातकालीन पाबंदियां लगाकर प्रदूषण का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सकता। सबसे पहले सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना होगा। शहरों में बसों की संख्या बढ़ाई जाए, मेट्रो और बस सेवाओं के बीच बेहतर तालमेल हो और लोगों को निजी कारों की जगह सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इलेक्ट्रिक बसों और दूसरे स्वच्छ वाहनों को बढ़ावा देना भी जरूरी है। साथ ही पुराने और अधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों पर सख्ती होनी चाहिए। निर्माण कार्यों और सड़कों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण जरूरी है। जानकार कहते हैं कि उद्योगों और बिजलीघरों को स्वच्छ तकनीक अपनाने के लिए बाध्य किया जाए। प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की नियमित जांच हो और नियम तोड़ने वालों पर वास्तविक कार्रवाई की जाए। कचरा खुले में जलाने पर रोक के साथ घर-घर कचरा संग्रह, अलग-अलग कचरे का वर्गीकरण और वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करना होगा।

## हरियाली बढ़ाने पर दें ध्यान

इसके साथ ही, किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए केवल जुर्माना लगाने के बजाय उनकी मदद करनी होगी। उन्हें पराली काटने और जमीन में मिलाने वाली मशीनें उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएं। पराली से जैव ईंधन, खाद और दूसरे उपयोगी उत्पाद बनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाए। किसान को आर्थिक विकल्प मिलेगा, तभी समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। प्रदूषण की समस्या से लड़ने के लिए शहरों में हरियाली बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। पार्क, शहरी वन, सड़क किनारे पेड़ और खुले स्थान शहरों के पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। हालांकि केवल पेड़ लगाना प्रदूषण का इलाज नहीं है। इसके साथ प्रदूषण के मूल स्रोतों पर नियंत्रण भी जरूरी है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है, लेकिन नागरिकों की भूमिका भी कम नहीं है। हमें छोटी-छोटी आदतें बदलनी होंगी। अनावश्यक रूप से निजी वाहन निकालने से बचें। कूड़ा और सूखे पत्ते न जलाएं। घरों में स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल करें। बिजली की बर्बादी कम करें। प्रदूषण के गंभीर स्तर पर पहुंचने पर बाहर व्यायाम करने से बचें और बच्चों तथा बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स पर भी नजर रखनी चाहिए।

# प्रदूषण के कारकों पर लगानी होगी लगाम !



व्यवस्था

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

शहरों में प्रदूषण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। न तो हमें शुद्ध हवा मिल पा रही है और न ही साफ पानी। हालात ऐसे हो गए हैं कि देश के कई बड़े शहरों में लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें, जगह-जगह जाम, हवा में धूल और जहरीला धुआं अब आम बात हो गई है। सवाल यह है कि आखिर शहरों को इस बदहाल स्थिति से कैसे बचाया जाए? दरअसल, प्रदूषण की समस्या का समाधान केवल सड़कें चौड़ी करने या नए फ्लाईओवर बनाने से नहीं होगा। हर घर में दो-दो गाड़ियां हैं, लेकिन सड़कें और सुविधाएं पहले जैसी ही हैं। सुबह और शाम एक ही समय पर बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर निकलते हैं। इससे जाम और प्रदूषण दोनों बढ़ते हैं। जरूरत इस बात की है कि लोगों को सार्वजनिक परिवहन के बेहतर विकल्प दिए जाएं। छोटी दूरी के लिए पैदल चलने तथा साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा मिले। यदि बाजार, स्कूल, अस्पताल और दूसरी जरूरी सुविधाएं घर के आसपास उपलब्ध हों तो छोटी-छोटी जरूरतों के लिए वाहन निकालने की मजबूरी भी कम होगी। इसके साथ ही कार्यालयों के समय में बदलाव और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना चाहिए। इससे सड़कों पर एक साथ वाहनों का दबाव कम होगा। कुल मिलाकर शहरों को बचाने के लिए केवल वाहनों की संख्या नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और आदतों में भी बदलाव जरूरी है। प्रदूषण की दूसरी बड़ी समस्या नदियों और जलस्रोतों की लगातार बिगड़ती स्थिति है। देश की राजधानी दिल्ली में यमुना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हाल ही में यमुना के पानी को साफ दिखाने के लिए रसायन के इस्तेमाल को लेकर भी विवाद हुआ। इसके बाद मछलियों और अन्य जलीय जीवों के मरने की खबरें सामने आईं। घाटों पर पाइप के जरिये साफ पानी भरने की व्यवस्था किए जाने के आरोप भी लगे। ऐसे अस्थायी उपायों से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। सबसे जरूरी है कि नालों और सीवर का गंदा पानी तथा कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा नदी में गिरने से रोका जाए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसी नदी के पानी पर दिल्ली की बड़ी आबादी की जलापूर्ति निर्भर करती है। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए भी सरकार और प्रशासन को गंभीरता दिखानी होगी। दिल्ली-एनसीआर में हर साल सर्दियों के दौरान प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। इसके पीछे पराली जलाना, वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाना और पटाखे जैसे कई कारण हैं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना जरूरी है। किसानों को पराली के उचित प्रबंधन के लिए मशीनें, तकनीक और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे इसे जलाने के लिए मजबूर न हों। त्योहारों के दौरान पटाखों के इस्तेमाल पर भी सख्ती जरूरी है। हाल के वर्षों में दिल्ली में पटाखों को लेकर मिली ढील का असर हवा की गुणवत्ता पर दिखाई दिया। इसके अलावा कई इलाकों में खुलेआम कचरा और कबाड़ जलाया जाता है। रात के अंधेरे में होने वाली ऐसी गतिविधियों से निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। स्थानीय पुलिस, प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण एजंसियों, एनजीटी और आरडब्ल्यूए को मिलकर ऐसी घटनाओं पर नजर रखनी चाहिए। इसी तरह लगातार हो रहे निर्माण कार्यों पर भी नियंत्रण जरूरी है। निर्माण स्थलों पर धूल रोकने के नियमों का सख्ती से पालन होना चाहिए। खासकर प्रदूषण के लिहाज से संवेदनशील महीनों में अनावश्यक निर्माण कार्यों पर रोक और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़कों और खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। चौड़ी सड़कों के किनारे पौधारोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने से भी पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना भी प्रदूषण कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है, लेकिन आम लोगों को इसके प्रति और जागरूक करने की जरूरत है। सब्सिडी और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलना चाहिए। साथ ही पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करनी होगी। इसके लिए सार्वजनिक परिवहन को इतना सुविधाजनक बनाना होगा कि लोग निजी वाहन छोड़ने के लिए खुद तैयार हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रदूषण से लड़ाई केवल सरकार के भरोसे नहीं जीती जा सकती। केंद्र और राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन नागरिकों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। छोटी दूरी के लिए पैदल चलना, कचरा नहीं जलाना, पानी की बर्बादी रोकना, पेड़ लगाना और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करना हमारी रोजमर्रा की आदतों में शामिल होना चाहिए। प्रदूषण के कारणों की पहचान करना और उन पर समय रहते प्रभावी रोक लगाना ही इसका स्थायी समाधान है। केवल तात्कालिक उपायों और घोषणाओं से शहरों को साफ-सुथरा नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए सरकार, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। आखिर स्वच्छ हवा और साफ पानी किसी सरकार की मेहरबानी नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है।

**पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना जरूरी है। किसानों को पराली के उचित प्रबंधन के लिए मशीनें, तकनीक और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे इसे जलाने के लिए मजबूर न हों। पटाखों के इस्तेमाल पर भी सख्ती जरूरी है।**

# संतुलित विकास की सोच अपनाना जरूरी



मंथन

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

देश अभी सूखे के दुष्प्रभाव से निबटने की कोशिश कर ही रहा था कि महज एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी से उठे दो-दो तूफानों ने इसके तटीय इलाकों में कहर बरपा दिया। तकनीकी विकास की वजह से तूफानों की पूर्व सूचना के चलते सरकारों ने एहतियाती उपाय कर लिए, इस वजह से बहुत ज्यादा जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन तटीय इलाकों के बुनियादी ढांचे, बिजली व्यवस्था आदि को भारी पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

इन दोनो तूफानों ने न सिर्फ माली नुकसान पहुंचाया, बल्कि मौसम चक्र को भी बदलकर रख दिया। दोनों के असर से उत्तर भारत तक के मौसम में बदलाव दिखने लगा है। करीब डेढ़ दशक से उत्तर भारत में देर से दस्तक देने वाला ठंड का मौसम कुछ पहले ही आ गया है। विगत कुछ दशकों से भारत ही नहीं दुनिया के मौसम चक्र में बदलाव दिख रहा है। इसकी वजह से वातावरण का तापमान बढ़ रहा है, बारिश का चक्र या तो कमजोर पड़ रहा है या फिर अचानक ही किसी इलाके में तीव्र हो जा रहा है। इसके चलते जहां वनस्पतियों की जहां कुछ प्रजातियां नष्ट हो रही हैं, वहीं जंतु जगत के कार्यकलाप, आदत और अस्तित्व में परिवर्तन नजर आने लगे हैं। इसका असल फसल चक्र और उनकी पैदावार पर भी पड़ रहा है। अव्वल तो दुनिया को इन बदलावों से चिंतित होना चाहिए, विश्व परेशान भी दिखता है, लेकिन इस बदलाव को थामने की वैश्विक स्तर पर जैसी संजीदा कोशिश होनी चाहिए, नहीं हो रही है। मोटे तौर पर इस बदलाव के पीछे मनुष्य का लालच और समृद्धि हासिल करने की उसकी चाहत काम कर रही है। जैसे-जैसे उपभोग की संस्कृति बढ़ती गई, उत्पादन की मांग बढ़ती गई। उत्पादन के चलते प्रकृति का दोहन बढ़ा, ऊर्जा की मांग बढ़ी। इस पूरी प्रक्रिया में प्रकृति और सभ्यता के बीच संतुलन गड़बड़ाना शुरू हुआ। जिसका असर जलवायु परिवर्तन के रूप में दिख रहा है। आज दुनिया ने शहरीकरण और औद्योगीकरण को विकास का पैमाना मान लिया है। दोनों ने ही हमारे जीवन में उपभोगवाद को बढ़ावा दिया है। इसकी वजह से हमारी जलवायु में कई तरह के बदलाव आ रहे हैं। इसका सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि दुनिया गर्म हो रही है। वैज्ञानिकों को यह बात उपग्रहों, मौसम संबंधी गुब्बारों, थर्मामीटरों, मौसम केंद्रों और अन्य स्रोतों से जुटाए गए सबूतों से पता चली है। 1880 के बाद से, विश्व के औसत तापमान में लगभग एक डिग्री सेल्सियस यानी करीब 1.7 डिग्री फ़ारेनहाइट की वृद्धि हुई है। अगर शहरीकरण और औद्योगीकरण



**पतझड़ के मौसम में जब पौधे नष्ट होते हैं, तो वे कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर इसकी मात्रा में बढ़त दिखती है। मौसमी बदलावों के अलावा कीलिंग के अध्ययन रिपोर्ट से पता चलता है कि समय के साथ कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में भी वृद्धि हो रही है।**

केंद्रित उपभोगवाद यूं ही जारी रहा तो अनुमान है कि 2050 तक वैश्विक तापमान में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस यानी करीब 2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट और साल 2100 तक 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 1960 के दशक से वैश्विक औसत वार्षिक तापमान में लगातार वृद्धि हुई है। वसंत के मौसम में जब पौधे बढ़ते हैं, तो वे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करके उसे कार्बन में बदल देते हैं, साथ ही ऑक्सीजन छोड़ते हैं। वहीं, पतझड़ के मौसम में जब पौधे नष्ट होते हैं, तो वे कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर इसकी मात्रा में बढ़त दिखती है। मौसमी बदलावों के अलावा कीलिंग के अध्ययन रिपोर्ट से पता चलता है कि समय के साथ कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में भी वृद्धि हो रही है। 1958 में जहां इसकी उपस्थिति 313 पार्ट्स प्रति मिलियन थी, वहीं 30 मार्च 2020 तक बढ़कर यह 415 प्रति मिलियन हो गई। कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में हुई इस वृद्धि को 'कीलिंग कर्व' कहा जाता है। इन अध्ययनों से पता चलता है कि साल 1900 तक, कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर जहां स्थिर और लगभग 150 से 280 प्रति मिलियन के बीच था, वहीं 1900 के दशक की शुरुआत में, सीओ 2 का स्तर बहुत तेज़ी से बढ़ने लगा। आज इसका स्तर औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। साफ है कि जब तक दुनिया इसके प्रति नहीं चेतेगी, मौसम में बदलाव का चक्र नहीं रुकेगा। इससे सभ्यता का भविष्य भी खतरे में होगा। इसलिए जरूरी है कि प्रकृति से सामंजस्य के साथ संतुलित विकास के नजरिए से दुनिया आगे बढ़े। लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या दुनिया इस तरह सोचने को तैयार है?

# विकास की दौड़ में पर्यावरण की अनदेखी



प्रदूषण

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

भारत में प्रदूषण का बढ़ता स्तर आज देश के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन चुका है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक हवा की गुणवत्ता लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। प्रदूषण का प्रभाव केवल वातावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों के स्वास्थ्य, बच्चों के भविष्य, बुजुर्गों के जीवन और प्राकृतिक संसाधनों को भी प्रभावित कर रहा है। विकास और आधुनिक सुविधाओं की दौड़ में देश ने काफी तरक्की की है, लेकिन इस तरक्की के साथ पर्यावरण संरक्षण को उतनी प्राथमिकता नहीं मिल पाई है।

सवाल यह है कि आखिर प्रदूषण बढ़ने के लिए कौन-कौन से कारण जिम्मेदार हैं और इस पर नियंत्रण करने में कहां कमी रह रही है? देश में प्रदूषण बढ़ने का एक प्रमुख कारण सड़कों पर वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या है। पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन बड़ी मात्रा में प्रदूषक गैसें और सूक्ष्म कण छोड़ते हैं। महानगरों में यातायात जाम की समस्या इस स्थिति को और गंभीर बना देती है। कई पुराने वाहन निर्धारित प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करते।

यदि सार्वजनिक परिवहन को मजबूत किया जाए और मेट्रो, बस तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन मिले तो प्रदूषण कम करने में मदद मिल सकती है।औद्योगिकीकरण देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जरूरी है, लेकिन औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। कई उद्योगों में कोयले और अन्य जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल किया जाता है। इनके कारण सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य प्रदूषक वातावरण में पहुंचते हैं। यदि फैक्ट्रियों में आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण नहीं लगाए जाते या उनका सही इस्तेमाल नहीं होता तो आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। देशभर में सड़कों, फ्लाईओवर, मेट्रो, भवनों और अन्य विकास परियोजनाओं का निर्माण तेजी से हो रहा है। विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन इनके दौरान धूल नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम होना भी उतना ही आवश्यक है। निर्माण सामग्री को खुले में रखना, मलबा सड़कों पर छोड़ना और खुदाई के बाद मिट्टी को खुला छोड़ देना प्रदूषण बढ़ाता है। निर्माण स्थलों पर नियमित पानी का छिड़काव, सामग्री को ढककर रखना और मलबे का उचित निस्तारण करना जरूरी है। कृषि क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद पराली जलाना भी वायु प्रदूषण का एक कारण है। विशेष रूप से उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान इसका प्रभाव अधिक चर्चा में रहता है। किसानों को पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए मशीनें, आर्थिक सहायता और वैकल्पिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। दूसरी ओर शहरों और कस्बों में खुले में कूड़ा जलाने की प्रवृत्ति भी गंभीर समस्या है। प्लास्टिक, रबर और घरेलू कचरा जलाने से जहरीले पदार्थ वातावरण में फैलते हैं। इसके लिए कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निस्तारण जरूरी है।शहरीकरण और विकास परियोजनाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई हो रही है। पेड़ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने, धूल रोकने और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब हरित क्षेत्र कम होते हैं तो पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है। केवल पौधे लगाने के अभियान चलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल और पुराने पेड़ों का संरक्षण भी जरूरी है। यदि शहरी विकास की योजनाएं पर्यावरण को ध्यान में रखकर नहीं बनाई जातीं तो प्रदूषण और कचरे की समस्या बढ़ना स्वाभाविक है। हरित क्षेत्रों, जल स्रोतों और खुले स्थानों को सुरक्षित रखना शहरी नियोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। सरकार को नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा और नागरिकों को भी अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा।



**किसानों को पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए मशीनें, आर्थिक सहायता और वैकल्पिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। दूसरी ओर शहरों और कस्बों में खुले में कूड़ा जलाने की प्रवृत्ति भी गंभीर समस्या है। प्लास्टिक, रबर और घरेलू कचरा जलाने से जहरीले पदार्थ वातावरण में फैलते हैं।**

आखिरकार स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी किसी विशेष वर्ग की जरूरत नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि आज पर्यावरण की रक्षा के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसलिए प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को केवल सरकारी अभियान न मानकर जन आंदोलन बनाना समय की मांग है।

# अंडर-19 एशिया कप : मनाल-मोहित ने पलटी बाजी, पाक को हरा भारत 9वीं बार चैंपियन

एजेंसी ▶▶| अल अमेरत

एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया और नौंवी बार खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान से मिले 338 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने मैच की आखिरी गेंद पर 9 विकेट खोकर हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। आर्यवीर सहवाग और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने मिलकर पहले विकेट के लिए 17.4 ओवर में 95 रन जोड़े। आर्यवीर 61 गेंदों का सामना करने के बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में 9 चौके लगाए। वहीं, लक्ष्य 101 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 80 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वीके विनीत अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और 24 रन बनाकर आउट हुए।

अर्जुन राजपूत 16 रन ही बना सके, जबकि यशवर्धन चौहान 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़ 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन सावसानी भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 9 रन बनाकर आउट हुए। काव्या पटेल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।



## मोहित ने लास्ट गेंद पर लगाया विजयी चौका

*9वें विकेट के लिए मनाल चौहान और मोहित उल्वा ने 35 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को मैच में बनाए रखा। मनाल पारी के 48वें ओवर में 32 गेंदों में 47 रन बनाने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी इस महत्वपूर्ण पारी में 3 चौके और तीन छक्के लगाए। मनाल के आउट होने के बावजूद, मोहित क्रीज पर खड़े रहे और 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाकर टीम को जीत दिलाकर लौटे। मोहित ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। भारतीय टीम को आखिरी गेंद पर 3 रनों की जरूरत थी, लेकिन मोहित ने शानदार चौका लगाकर टीम को यादगार जीत और खिताब दिलाया।*

## उस्मान खान ने लगाया शतक

*इससे पहले, पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 337 रन बनाए। पाकिस्तान अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहतरीन रही। हयाम खान और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 8.1 ओवर में 62 रन जोड़े। हयाम 23 गेंदों पर 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ने अब्दुल कादिर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 135 रन की बड़ी साझेदारी की। अब्दुल कादिर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 80 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, उस्मान खान ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 107 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। कप्तान फरहान यूसुफ ने भी टीम के लिए अहम योगदान दिया। उन्होंने 60 गेंदों में 63 रन की पारी खेली और 4 चौके तथा 3 छक्के लगाए। भारत की ओर से काव्या पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 68 रन देकर 4 विकेट लिए। चिगुरुपति वेंकट ने 40 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि अर्जुन राजपूत को 1 विकेट मिला।*

# स्विंग की चुनौती, टीम इंडिया की अग्निपरीक्षा, दांव पर सीरीज

## मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई




भारतीय बल्लेबाज रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे क्योंकि इस मुकाबले से शृंखला का नतीजा भी तय होगा। भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### सीरीज में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रोहित, अय्यर

पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर 5 मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गए और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गए। केवल एक प्रारुप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैंड के संभवतः अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: पंजाब ने हरियाणा को 4 विकेट से दी मात

**रोहतक।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 के ग्रुप चरण मुकाबले में शनिवार को इंदौर के डेली कॉलेज ग्राउंड पर पंजाब ने हरियाणा को 4 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 190 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। हरियाणा की शुरुआत धीमी रही, लेकिन मध्यक्रम में दिनेश बाना ने महज 20 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 42 रनों की तूफानी पारी खेली। अंत के ओवरों में राहुल तेवतिया (नाबाद 35 रन, 20 गेंद), सामंत जाखड़ (24 रन) और सुमित कुमार (नाबाद 20 रन) ने तेजी से रन जुटाए। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम को ओपनर विहान मल्होत्रा और प्रभसिमरन सिंह (22 रन) ने तेज शुरुआत दिलाई। विहान ने 50 गेंदों में 8 चौकों और 5 छक्कों की मदद से शानदार 86 रन बनाए। बीच के ओवरों में हरियाणा के गेंदबाज सुमित कुमार (3 विकेट) और अनुज ठकराल (2 विकेट) ने वापसी की कोशिश की, लेकिन उदय सहारन (नाबाद 42 रन, 18 गेंद) और सनवीर सिंह (21 रन) की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी ने पंजाब को 19.1 ओवर में 193/6 के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिला दी।



### सैफ चैंपियनशिप : भूटान को हराकर फाइनल में भारत

**ढाका।** गत चैंपियन भारत ने पीवी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह के गोल की बदौलत भूटान को 2-1 से हराकर सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। विष्णु ने आठवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने लंबे पास को नियंत्रित करने के बाद दाएं पैर से लगाए शॉट पर भूटान के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने 27वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। किपगेन की ओर से लिए गए कॉर्नर पर भूटान के खिलाड़ी गेंद को क्लीयर नहीं कर सके और इसका फायदा उठाते हुए चिंगलेनसाना ने नजदीक से शानदार गोल दाग दिया। भूटान ने 48वें मिनट में तोबदेन के गोल से वापसी की। त्शेल्तशेन के बॉक्स के अंदर से लगाए गए शॉट के बाद तोबदेन ने हेडर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। यह मुकाबला सैफ चैंपियनशिप के इतिहास में वीएआर प्रणाली के पदार्पण का भी गवाह बना।

## हरियाणा की बेटियों ने उत्तराखंड को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी

**रोहतक।** महिला क्रिकेट में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। शनिवार को खेले गए महिला अंडर-23 टी-20 ट्रॉफी एलीट के मुकाबले में हरियाणा की खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और टीम प्रदर्शन के दम पर जीत अपने नाम की। मंगलापुरम स्थित केरल क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उत्तराखंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उत्तराखंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए और हरियाणा के सामने 161 रनों का लक्ष्य रखा। उत्तराखंड की ओर से करीना सिंह ने 52 रन की पारी खेली। गौरिका और त्रिवेणी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने शुरुआत से ही सकारात्मक रुख अपनाया। टीम की बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए उत्तराखंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। हरियाणा ने 19.2 ओवर में महज 2 विकेट खोकर 161 रन बना लिए और मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। हरियाणा की ओर से त्रिवेणी ने 63 और तनिषा ओहल्यान ने नाबद 53 रन की शानदार पारी खेली।

## एशियाई कप : भारत ने गुआम को 12-0 से हराया



**कुआलालंपुर।** भारतीय टीम ने राज सिंह वाहेंगबाम और डल्लालमुआन गंगटे की हैट्रिक की बदौलत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप मुकाबले में गुआम को 12-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। ग्रुप ई के इस मुकाबले में वाहेंगबाम ने चार गोल दागे। उन्होंने 55वें, 73वें, 83वें और 84वें मिनट में गोल किए। वहीं, गंगटे ने 13वें, 27वें और 32वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत के लिए अन्य गोल लियो थोंगबाम (पांचवां मिनट), ऋषिकेश मानवथी (20वां मिनट), डेविड मंगांग इरोम (53वां मिनट), फेलिक्स मीतई सैखोम (56वां मिनट) और रिस्टिक मैती (87वां मिनट) ने किए। लियो थोंगबाम ने पांचवें मिनट में गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

## नेशन्स लीग : नीदरलैंड ने यूनान को 7-0 से हराया

**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने यूएफा नेशंस लीग फुटबॉल मुकाबले में यूनान को 7-0 से करारी शिकस्त देकर नए कोच जावी के मार्गदर्शन में अपना अजेय अभियान जारी रखा जबकि जुर्गेन क्लॉप की जर्मनी की टीम ने सर्बिया को 3-1 से हराया। इन नतीजों से अब ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रहने के लिए दोनों दिग्गज कोच की टीमों के बीच निर्णायक मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड की शानदार जीत में तिजानी रेनडर्स ने हैट्रिक लगाई जबकि ज्यूरियन टिम्बर ने दो गोल दागे। क्रिसेंसियो समरविल ने छठे मिनट में गोल करके नीदरलैंड का खाता खोला।

## कुमामोतो मास्टर्स : लक्ष्य ने लगातार दूसरी बार फाइनल में बनाई जगह

### अल्वी फरहान को तीन गेम में हराया

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



लक्ष्य सेन ने कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को तीन गेम में हराकर लगातार दूसरे पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने छठे वरीय फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य की हांगझोउ में होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। आठवें वरीय लक्ष्य फिलहाल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 64,980 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं। सत्र के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। फाइनल में उनका सामना जापान के कोकी वातानाबे और दूसरे वरीय थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। लक्ष्य ने कहा कि निर्णायक गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने से उनके लिए मुकाबला आसान हो गया।




# लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने के प्रस्ताव पर एनसीपी-एसपी सहमत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी (शरद गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा सीटों की संख्या 50% बढ़ाने के भाजपा के प्रस्ताव का समर्थन करने को तैयार है। इसके साथ ही महिला आरक्षण लागू करने की भी बात कही गई है। सुले ने बताया कि भाजपा ने परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए विपक्षी नेताओं को बैठक में बुलाया था।

बैठक में भाजपा ने सभी राज्यों में लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, सुले ने स्पष्ट किया कि एनसीपी-एसपी ने विधेयक का समर्थन करने का अभी औपचारिक फैसला नहीं लिया है।

## हर राज्य में बराबर सीटें बढ़ेंगी तो देंगे समर्थनः सुले

### महिला आरक्षण व परिसीमन दोनों विधेयक चाहती है पार्टी



सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी पार्टी परिसीमन और महिला आरक्षण दोनों विधेयकों को पारित होते देखना चाहती है। इसके लिए व्यापक राजनीतिक सहमति बनाना जरूरी है। उन्होंने लोकसभा सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि छोटे निर्वाचन क्षेत्र होने से सांसदों के लिए मतदाताओं तक पहुंचना आसान होगा। इससे प्रशासन और विकास कार्यों को भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कांग्रेस पर आरोप*

# चीन की सीमा पर बुनियादी ढांचे की अनदेखी की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि चीन की सीमा पर लगभग एक दशक पहले तक सीमावर्ती बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) की अनदेखी की गई थी। जयशंकर ने गलवान का जिक्र करते हुए कहा कि उस सीमा पर हमारी खुद को बनाए रखने और सेना तैनात करने की क्षमता में सुधार हुआ है। मैं कहूंगा कि इसमें काफी महत्वपूर्ण सुधार आया है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर आ गए थे। इस घटना में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे, जबकि चीनी सैनिकों के हताहत होने की संख्या स्पष्ट नहीं थी।

**जून 2020 को गलवान घाटी में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे**



डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करते हुए

**दुनिया में 'स्वार्थी' रुख रखने वाले पक्षकारों की संख्या बढ़ रही है**

### अमेरिका संग संबंधों में कोई बदलाव नहीं

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा वैश्विक अस्थिरता का एक 'बड़ा हिस्सा' है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य में हो रहे व्यापक बदलावों के पीछे कई अन्य कारक भी काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव परिणाम से दोनों देशों के आपसी संबंधों में कोई बदलाव नहीं आएगा।

## *नई बहुध्रुवीय दुनिया आकार ले रही*

जयशंकर ने कहा कि पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी बड़े संघर्षों के बीच एक नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था आकार ले रही है इसमें स्वतंत्र निर्णय लेने वाले कई और केंद्र होंगे। इसमें कहीं अधिक जटिल और कम अनुमान लगाने योग्य होगा, क्योंकि 'स्वार्थी' रुख रखने वाले पक्षकारों की संख्या बढ़ रही है। देश अपने विकल्पों और फैसलों में काफी हद तक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे। राष्ट्रीय हितों के कारण देशों के बीच गठबंधन कम मजबूत होंगे और ज्यादा 'लेन-देन' वाले होंगे, क्योंकि ये गठबंधन एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं: यानी कम मजबूत, और ज्यादा लेन-देन पर आधारित।

### मजबूत विनिर्माण शक्ति विदेश नीति का आधार

विदेश मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, ये हमारी विदेश नीति के आधार हैं, क्योंकि आज के दौर में मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं के बिना एक प्रभावी विदेश नीति नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इस दिशा में एक बहुत मजबूत नींव रखी गई है। आज, हमें खुद को एक विनिर्माण शक्ति के रूप में विकसित करना है। साथ ही, हमारा लक्ष्य ऐसी तकनीकों और क्षमताओं को हासिल करना भी होना चाहिए, जिनकी आज के दौर में जरूरत है।

## भारत की बढ़ती आर्थिक कूटनीतिक ताकत के सामने झुका अमेरिका

# दूसरे देशों के मुकाबले कम टैरिफ पर होगी डील, भारत के लिए खुलेगा यूएस का बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही ट्रेड डील की बातचीत अब निर्णायक मोड़ यानी 'फिनिशिंग लाइन' के बेहद करीब है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को इसका संकेत दिया। उनके मुताबिक, दोनों देशों ने ज्यादातर जटिल मुद्दों को सुलझा लिया है।

अब समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। एस. जयशंकर ने बताया कि दोनों देशों ने टैरिफ से जुड़े ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया है। अब आखिरी चरण की कुछ चिंताओं पर काम जारी है। उन्होंने साफ किया कि भारत एक संतुलित और फायदेमंद समझौता चाहता है। ऐसा जो उसे समान अर्थव्यवस्थाओं वाले प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले खास बढ़त दिलाए।

दूसरी ओर एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार, भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर बड़ी प्रगति हुई है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के मुताबिक, दोनों देशों ने ज्यादातर जटिल मुद्दों को सुलझा लिया है। अब समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। अमेरिका ने भारत को भरोसा दिलाया है कि इस प्रस्तावित डील में भारतीय उत्पादों पर अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले कम टैरिफ लगेगा

**आखिरी चरण की कुछ चिंताओं पर काम जारी**

**हर टैरिफ लाइन की बारीकी से समीक्षा की गई**



डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

### दो साल से चल रही है बातचीत

जयशंकर के अनुसार, हर टैरिफ लाइन की बारीकी से समीक्षा करने में समय लगा है। कारण है कि इससे लोगों के रोजगार जुड़े हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है। इस नाते यह डील देश के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। बता दें, भारत-अमेरिका के बीच करीब दो साल से जारी इस वार्ता को दो चरणों में बांटा गया है। इसमें से पहले चरण को मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक पूरा करने का टारगेट है। डील के इस शुरुआती पैकेज में सिर्फ वस्तुओं के व्यापार को शामिल किया जाएगा। वहीं, सर्विसेज से जुड़े मुद्दों पर व्यापक समझौते के दूसरे चरण में चर्चा होगी। फाइनल डील को कानूनी दस्तावेजों और अनुबंधों के रूप में तैयार किया जाएगा। इसमें कस्टम्स और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर विशेष चैप्टर भी होगा।

### *यूएसटीआर की दूसरी जांच के नतीजों का इंतजार*

वरिष्ठ सरकारी ने बताया कि अमेरिका ने भारत को अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ लगाने का भरोसा दिया है। वैसे इसका वास्तविक फायदा अंतिम टैरिफ फ्रेमवर्क और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की दूसरी जांच के नतीजों पर निर्भर करेगा। यह एक तरह से अमेरिका का भारत के सामने झुकना ही है। वॉशिंगटन अपनी कड़ी व्यापारिक शर्तों के लिए जाना जाता है। इसके बावजूद दुनिया के सबसे बड़े बाजार का भारत को प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ और खास फायदा देने का आश्वासन भारत की बढ़ती आर्थिक कूटनीतिक ताकत का सबूत है।

### मियामी में दिसंबर में हो सकती है घोषणा

*संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने 14-15 दिसंबर को मियामी में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होगी। इसी के बाद इस डील की औपचारिक घोषणा हो सकती है। इससे पहले साल की शुरुआत में दोनों देशों ने डील का फ्रेमवर्क तैयार कर लिया था। लेकिन, कुछ अमेरिकी व्यापारिक जांचों और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने के नए अमेरिकी प्रावधान के चलते प्रक्रिया थोड़ी जटिल हो गई थी। वैसे भारत को फिलहाल इन टैरिफ से छूट मिली हुई है।*

### लाल किला ब्लास्टः बचाव पक्ष ने उठाए कई सवाल

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में आरोपों पर बहस हुई। मामले में



आरोपी मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद के पक्ष में वकील ने तर्क दिया कि दोनों का विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार की खरीद से कोई संबंध नहीं है। उनका अन्य आरोपियों के साथ कोई संवाद भी नहीं था।

### नरीमन हाउस की रेकी कर रहा युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** 26/11 आतंकी हमले के निशाने पर रहे नरीमन हाउस की रेकी करने के आरोप में 20 साल के युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान यश सिंह के रूप में हुई है। वह विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर मुंबई में यहूदी नागरिकों, विदेशी नागरिकों और उनके कारोबार से जुड़ी जानकारी जुटा रहा था। आरोपी नवी मुंबई के ऐरोली इलाके का रहने वाला है।

### करांची में फंसे भारतीय नाविकों से मिलेंगे दूतावास के अधिकारी

**करांची।** पाकिस्तान के करांची बंदरगाह पर पिछले करीब सात महीने से एक जहाज में फंसे 6 भारतीय नाविकों के लिए राहत की खबर है। पाकिस्तान ने भारत की औपचारिक मांग पर इन नाविकों को भारतीय अधिकारियों से मिलने की इजाजत देने पर सहमति जताई है। भारतीय उच्चायोग के अधिकारी करांची बंदरगाह पर जाकर सभी नाविकों से मिलेंगे। वे उनकी सेहत, रहने की स्थिति और दूसरी जरूरतों को देखेंगे। इसके बाद नाविकों के घर लौटने से जुड़ी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने की कोशिश की जाएगी।







# भारत ने कहा- हमें उपदेश देना बंद करें, खुद को देखो

वॉशिंगटन। अमेरिका में मौजूद भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) से अपने पूर्वाग्रहों पर आत्ममंथन करने और दूसरों को उपदेश देना बंद करने को कहा है। यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब इस द्विदलीय अमेरिकी आयोग ने भारत में कथित तौर पर धार्मिक आधार पर की गई गिरफ्तारियों का मुद्दा उठाया। क्वात्रा ने शुक्रवार को यह तीखी प्रतिक्रिया आयोग की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शरजील इमाम की प्रोफाइल साझा किए जाने के बाद दी। आयोग ने इमाम का परिचय देते हुए उन्हें 'धार्मिक स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाने के कारण भारत में हिरासत में लिया गया एक मुस्लिम व्यक्ति' बताया था।



विनय मोहन क्वात्रा

### विदेश से आए पार्सल में 10.8 किलो ड्रग्स जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने नई दिल्ली स्थित विदेशी डाकघर में यूरोप से आए एक संदिग्ध पार्सल से 10.8 किलो एम्फेटामाइन जब्त किया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह पार्सल यूरोप के एक देश से आया था और इसमें कपड़े होने की बात कही गई थी।



### पंजाब चुनाव के बहाने खालिस्तान की आग भड़काने की तैयारी में आईएसआई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सिख प्रवासियों और कश्मीर से जुड़े दबाव समूहों को एकजुट करने के लिए एक साल की योजना तैयार की है। पाकिस्तान की इस कवायद पर भारतीय एजेंसियों की नजर है। इस्लामाबाद भारत के खिलाफ अपने दुष्प्रचार को बड़े स्तर पर ले जाना चाहता है। इसके लिए उसका अगले एक साल में पाकिस्तान का मुख्य फोकस अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में रहने वाले सिखों को पाकिस्तान बुलाने पर होगा।




## 80 साल बाद 3 आर्थिक शक्तियों की चीन में बातचीत होगी

# ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग पहली बार एक साथ करेंगे बैठक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक ही बैठक में शामिल होंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की। यह बैठक चीन के शेनझेन में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान होगी। बैठक में सबसे अहम मुद्दा परमाणु हथियारों की संख्या कम करना होगा। इसके अलावा ईरान पर भी चर्चा होगी। बीते 80 साल में यह पहली बार होगा जब आर्थिक महाशक्तियों वाले 3 देशों के नेता एक साथ त्रिपक्षीय बैठक करेंगे।

**एशिया प्रशांत आर्थिक सम्मेलन में मिलेंगे | परमाणु हथियार कम करने पर होगी बात**



डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन एआई इमेज

### तीनों में परमाणु संधि फरवरी में होगी खत्म

व्हाइट हाउस के मुताबिक, ट्रंप बैठक में परमाणु हथियारों की संख्या कम करने का मुद्दा उठाएंगे। वे चाहते हैं कि चीन भी इस बातचीत में शामिल हो, ताकि अमेरिका, रूस और चीन के बीच नया समझौता हो सके। दरअसल, अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियार सीमित करने वाली आखिरी संधि इस साल फरवरी में खत्म हो गई थी।

### ईरान पर चर्चा होगी यूक्रेन युद्ध पर नहीं

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप इस बैठक में ईरान का मुद्दा भी उठा सकते हैं। लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध इस बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं होगा। अमेरिका हाल के दिनों में रूस के साथ कई बैठकें कर चुका है, लेकिन चीन इन बातचीत में शामिल नहीं रहा।

### मस्क भी ट्रंप के साथ चीन जाएंगे

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी ट्रंप के साथ चीन जाएंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की है। मस्क के अमेरिका और चीन के बीच कारोबार से जुड़े बड़े हित हैं। वे चीन यात्रा के दौरान ट्रंप को सलाह देने में भी मदद कर सकते हैं। हालांकि, मस्क तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की संयुक्त बैठक में शामिल नहीं होंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28